भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **1118**

रविवार, 20 सितम्बर, 2020/29 भाद्रपद, 1942 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र और तमिलनाडु में छत्रपती शिवाजी महाराज के संरक्षित किलों पर पर्यटन को बढ़ावा देना**

**1118 श्री सम्भाजी छत्रपती:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित छत्रपती शिवाजी महाराज के किलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष पहल की है;

(ख) यदि हाँ, तो सत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने किसी विशेष मार्ग में पड़ने वाले आकर्षण के अन्य विरासत स्थलों एवं धार्मिक स्थानों को एक साथ जोड़कर लोगों को पैकेज्ड फॉर्मेट में किला पर्यटन की पेशकश करने का कोई प्रयास किया है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार निटक भविष्य में ऐसा करने पर विचार करेगी?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (ख) : पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत ब्रांड-लाइन के अंतर्गत भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है । इसके चल रहे कार्यकलापों के तहत, मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है, ताकि देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का प्रचार किया जा सके, जिसमें किले, महल और पर्यटन के अन्य स्थान शामिल हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया है कि उसने महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े किलों के संवर्धन के लिए कई पहलें आरम्भ की हैं, जिसमें उनकी पर्यटन वेबसाइट के माध्यम से प्रचार भी शामिल है और साथ ही विभिन्न किलों को चित्रों तथा विवरणों आदि सहित प्रमुखता से दर्शाया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने जनवरी 2020 में भी किलों पर एक फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की थी।

तमिलनाडु सरकार ने सूचित किया है कि चेन्नई से 160 किलोमीटर दूर विल्लुपुरम जिले में स्थित की छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा गिंगी किला है। जिसके बारे में तमिलनाडु पर्यटन की वेबसाइट के माध्यम से विवरण और चित्रों को प्रमुखता से प्रदर्शित करते हुए संवर्धन किया जाता है।

(ग) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय भारत का अतुल्य भारत ब्रांड-लाइन के तहत एक समग्र गंतव्य के रूप में प्रचार करता है। अपनी चालू गतिविधियों के तहत, मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है, जिसमें किलों और अन्य विरासत स्थलों और आकर्षण के धार्मिक स्थलों को शामिल करते हुए देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का प्रचार किया जाता है।

इसके अलावा, विभिन्न किलों और धरोहरों और धार्मिक स्थलों से संबंधित जानकारी पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट www.incridibleindia.org पर प्रमुखता से प्रदर्शित की गई है।

******